0-3 वर्ष की आयु वाले बच्चों का अंतराक्षेपण के लिए

पूर्वोत्तर क्षेत्र में देशज प्रथाओं का अध्ययन

मिजोरम | मेघालय | त्रिपुरा







डॉ.अमर ज्योति पर्शा
डॉ.जयन्ती नारायण
श्री आर.सी.नितनवरे
डॉ.मार्ता डेविड

nqa. ISO 9001 Registered

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
(निःशक्तजन कार्य विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
(आई.एस.ओ.9001:2008 संस्थान)

0-3 वर्ष की आयु वाले बच्चों का अंतराक्षेपण के लिए

पूर्वोत्तर क्षेत्र में देशज प्रथाओं का अध्ययन

मिजोरम | मेघालय | त्रिपुरा

डॉ.अमर ज्योति पर्शा

डॉ.जयन्ती नारायण

श्री आर.सी.नितनवरे

डॉ.मार्ता डेविड

nqa. ISO 9001 Registered

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान

(निःशक्तजन कार्य विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)

(आई.एस.ओ.9001:2008 संस्थान)

मनोविकास नगर, सिकंदराबाद 500 009, आँध्रप्रदेश, भारत

तार: मनोविकास, फोन:040-27751741 फैक्स: 040-27750198

ई.मेल: library@nimhindia.org वेबसाइट: www.nimhindia.gov.in

0-3 वर्ष की आयु वाले बच्चों का अंतराक्षेपण के लिए

पूर्वोत्तर क्षेत्र में देशज प्रथाओं का अध्ययन

(मिजोरम मेघालय त्रिपुरा)

लेखक:
डॉ.अमर ज्योति पर्शा
डॉ.जयन्ती नारायण
श्री आर.सी.नितनवरे
डॉ.मार्ता डेविड

कापीराइट 2013
राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
सिकंदराबाद 500 009

सभी अधिकार आरक्षित

ISBN 81 89001 93 7

Printed at : **Sree Ramana Process Pvt. Ltd.,** Secunderabad-3. Ph : 040-27811750

विषय सूची

प्राक्कथन

भूमिका

आभार

1. परिचय 11
2. साहित्य की समीक्षा 17
3. परिणाम 27
4. चर्चा 109
5. प्रत्येक राज्य के विशेष लक्षण 199
6. जोखिम कारकों का राज्यवार सूची 205
7. सकारात्मक प्रथाओं का राज्यवार सूची 213
8. सिफारिश 223
9. आगे की अनुसंधान का अवसर 225
10. सारांश और निष्कर्ष 227
11. बच्चे के पालन पोषण प्रथाओं पर प्रश्नावली 235
12. ग्रंथ सूची 277
13. पूर्वोत्तर की यात्रा 279

टी.सी. शिवकुमार
निदेशक
T.C. SIVAKUMAR
Director

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL INSTITUTE FOR THE MENTALLY HANDICAPPED
(Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India)
(An ISO 9001 : 2008 Institution)

प्राक्कथन

प्रत्येक बालक अपने विकास एवं वृद्धि में अनोखा है। यह इसलिए कि परिवार का विस्तृत प्रभाव, पालन-पोषण के तरीकें, और विभिन्न परिस्थितियाँ जिसमें उसकी वृद्धि होती है और उसका विकास होता है। भारत एक विशाल देश होने के नाते, उसमें सामाजिक आर्थिक पहलू, भौगोलिक, सांस्कृति, भाषा एवं विश्वास में कई भिन्नताओं के कारण, बच्चे और परिवारों के स्वास्थ व विकास के क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आशय एवं अंतराक्षेपण कार्यक्रमों की योजना बनाना एक बहुत ही बडा कार्य है। इसके लिए परिवार व बच्चे के वृद्धि व विकास में प्रभावकारी वर्तमान कारकों को जानना आवश्यक है।

हमारी सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों के स्वास्थ्य, बच्चे का विकास, सामाजिक एवं परिवार सेवाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। यह परियोजना उचित नियत कालिक प्रतीत होती है।

आयोजित व्यापक कार्य से प्रत्येक राज्य का विस्तृत ज्ञान मिला है। भौगोलिक क्षेत्र में, जन संख्या विशेषता में बच्चा अपने सामान्य वातावरण में परिवार, अभिभावक, घर, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विभिन्नताओं में प्रत्येक राज्य अपने आप में एक अनोखी विशेषता रखता है। इसमें बच्चे के स्वास्थ्य, पालन-पोषण, उत्तेजना क्रियाकलाप एवं उपलब्ध साधनों व उनके उपयोग पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया है।

निष्कर्ष रिपोर्ट में सामर्थ्य और सकारात्मक प्रथाओं को बताया गया है जिसे प्रोत्साहित करना है और गलत धारणाओं और प्रथाओं की सूची दी गई है जिसका उन्मूलन करना है। अत: की गई सिफारिश उन राज्यों में स्वास्थ्य एवं बच्चे की देखभाल एवं परिवार सेवाओं की योजना बनाने के लिए मार्गदर्शन बन सकती है। भविष्य में भारत के अन्य राज्यों में इसी तरह के अध्ययन से राज्य में अपने लोगों के लिए सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

दिनांक: 1 मार्च, 2013
स्थान : सिकंदराबाद

टी.सी.शिवकुमार

मनोविकास नगर, सिकंदराबाद - 500 009 तार : मनोविकास दूरभाष : (का) 27759267 (नि) 27992617 फैक्स : 040-27758817
Manovikasnagar, Secunderabad - 500 009. Grams : MANOVIKAS Phones : 27759267 Fax : 040-27758817
E-mail : director@nimhindia.org, nimh.director@gmail.com Website : www.nimhindia.org

भूमिका

प्रत्येक बालक अपने विकास एवं वृद्धि में अनोखा है। यह इसलिए कि परिवार का विस्तृत प्रभाव, पालन-पोषण के तरीकें, और विभिन्न परिस्थितियाँ जिसमें उसकी वृद्धि होती है और उसका विकास होता है। भारत एक विशाल देश होने के नाते, उसमें सामाजिक आर्थिक पहलू, भौगोलिक, सांस्कृति, भाषा एवं विश्वास में कई भिन्नताओं के कारण, बच्चे और परिवारों के स्वास्थ व विकास के क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आशय एवं अंतराक्षेपण कार्यक्रमों की योजना बनाना एक बहुत ही बडा कार्य है। इस कार्य को संभव करने व बनाए रखने के लिए कार्यक्रम बनाना होगा। इसके लिए परिवार व बच्चे के वृद्धि व विकास में प्रभावकारी वर्तमान कारकों को जानना आवश्यक है। इसमें भोगोलिक कारक, वातावरणीय परिस्थितियाँ, स्वस्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, घरेलू अंतराक्षेपण, सांस्कृतिक विश्वास, बच्चे के पालन-पोषण की प्रथा, बच्चे के क्रिया कलाप, परिवार सहायता, संसाधन, आदि सम्मिलित हैं। इनको व्यापक रूप में समझकर, स्वीकृत अंतराक्षेपण योजना, जिसमें मौजूद सकारात्मक प्रथाओं को बढाने के साथ साथ नकारात्मक, हानिकारक तथा गलत धारणाओं के उन्मूलन के लिए संभाव्य प्रयास, शामिल कर सकते हैं। यह, उपलब्ध संसाधनों एवं उनका उत्तम व अनुकूलतम उपयोग का मार्गदर्शन भी करेगा।

पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य, बाल विकास, सामाजिक तथा परिवार सेवाओं को बढ़ाने के लिए भारत के इन राज्यों पर विशेष ध्यान केन्द्रीकरण से इस अध्ययन, जिसमें उपयुक्त संबंधित सूचना सम्मिलित है, पर प्रभाव पडा। इसमें दी गई सिफारिशें अध्ययन किये गये प्रत्येक राज्य के लिए आवश्यक सेवाएँ तैयार करने व ध्यान केन्द्रित करने में सहायक होंगी।

तीन राज्यों में अध्ययन किया गया, वे हैं, मिजोरम, मेघालय एवं त्रिपुरा। संपूर्ण अध्ययन तीन भागों में विभाजित किया गया।

पहला भाग जनसांख्यिकी विवरण जिसमें उत्तरदाताओं की सूचना, बच्चे का सूचकांक, परिवार, घरेलू एवं जीवनशैली सम्मिलित हैं।

दूसरे भाग में प्रसव समय मातृक आयु, गर्भधारणाओं की संख्या, प्रसव का विवरण तथा प्रसवोत्तर देखरेख सम्मिलित हैं।

तीसरे भाग में बच्चे का विवरण सहित नवजात देखरेख, दैनिक बाल देखभाल क्रियाकलाप, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक प्रथाएँ और बच्चे की देखभाल में परिवार सम्मेलन आवरित हैं।

आंकडों के विश्लेषण के उपरांत, सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावित करने वाले कारकों पर सिफारिशों सहित चर्चा की गई जो प्रत्येक राज्य के कार्यक्रम योजना बनाने में उपयुक्त की जा सकती है। ऐसे ही अध्ययन, भविष्य में, भारत के अन्य राज्यों में संचालन करने का अवसर है, जिसमें आंकडों को इकट्ठा करके इनका स्वास्थ्य एवं बाल विकास को बढ़ावा देने में उपयोग कर सकते हैं।

आभार

हम, मिजोरम, मेघालय एवं त्रिपुरा सरकार के आभारी हैं जिन्होने इस परियोजना के प्रारंभ करने व आयोजन करने एवं राज्य की भौगोलिक जनसंख्या संबंधी सूचना प्रदान करने में योगदान दिया। वहाँ के लोगों के स्वास्थ्य एवं उनके क्षेत्र में बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए जो उत्साह दिखाया, हम उनकी सराहना करते हैं।

सभी तीन राज्यों के स्थानीय समन्वयन संगठनों का हम उनके प्रयासों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं जिन्होंने निर्धारित समय में सफलता पूर्वक आंकडें संकलन करने का प्रयास किया। इन पर्वतीय राज्यों में घरो-घर जाकर आंकडें संकलित करने की कठिनाई से हम अवगत हैं। वहाँ परिवहन की समस्या है क्योंकि घर दूर दूर हैं। कई कठिनाइयों की सामना करते हुए भी आंकडें संकलित करने के उनके प्रयास की हम प्रशंसा करते हैं।

परियोजना में सहभागी सभी परिवारों के हम ऋणि हैं, उनकी स्वागत भरी मुस्कान एवं उनके द्वारा दिये गये बहुमूल्य समय ने हमारी परियोजना को बल दिया। इस विस्तृत जाँचसूची के उत्तर देने में उनकी सहनशीलता एवं सूचना के आदान प्रदान में अपनी इच्छा जाहिर करना, संबंधित फोटोग्राफ एवं वीडियो फिल्म बनाने में बडी प्रसन्नता हुई, यह स्मरणीय है। हम हृदयपूर्वक उन परिवारों के आभारी हैं।

श्री सूर्यप्रकाशम के प्रति हम आभारी हैं जिन्होने आंकडों का सांख्यिकी विश्लेषण किया। हम उन सभी सहकर्मियों के योगदान के सराहना करते हैं जिन्होंने आलोचनात्मक टिप्पणी एवं मार्गदर्शन दिया। हम प्रशासनिक कर्मचारियों एवं अन्य जिन्हों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इस परियोजना को पूरा करने में योगदान दिया उनके हृदयपूर्वक आभारी हैं।

डॉ.अमरज्योति पर्शा

परिचय

पुरातन टिप्पणियों से यह पता चलता है कि, मनुष्य जैसा जैसा बढ़ता है, उसमें शारीरिक परिवर्तन भी आता है। उनमें शारीरिक, मानसिक, भाषाई, चलन तथा व्यक्तित्व जैसे सभी आयामों में वृद्धि दिखाई देती है।

छोटे बच्चों में विकास की प्रक्रिया एक अत्यंत दिलचस्प घटना है, जो माता पिता तथा अन्य लोगों को खुशी दिये बिना और विस्मित किये बिना नहीं छोडती। वजन चार्ट में 50 ग्राम बढ़ना, हमेशा सर एक ओर रखने की स्थिति में से अचानक सर उठाकर रखने की क्षमता आना, खिलौनों का एक हाथ से दूसरे हाथ में लेन देन करना, अपने आप उठाया जाने वाला पहला कदम, पहले उच्चार किया गया शब्द, - ये सभी अभिव्यक्तियाँ क्रमबद्ध व क्रमिक विकास को व्यक्त करती हैं। बच्चा एक जीव होने के तथ्य में बनाए गए कुछ नियमों के अनुसार बच्चे का विकास एक वैध रूप में होता रहता है।

सभी तरह के विकास का मूल है, वृद्धि। अपने विकास के दौरान बच्चे पर्यावरण से परस्पर संबंध बनाए रखते हैं तथा अपने सूक्ष्म-वातावरण के अंश से संस्कृति निर्धारित व्यवहार को सीखते हैं, जिसमें परिवार के विश्वास प्रणालियाँ, रवैये, परम्पराएँ एवं खान-पान, पसंद, न पसंद, शामिल हैं। यह सर्व विदित है कि पोषक स्थिति, अभिभावक/ देखभालकर्ता की आय व व्यवसाय, घर के जनसंख्यिकी लक्षण, गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग तथा स्वस्थ्य देखभाल, नई सूचना का ज्ञान, ये सब बच्चे के देखभाल की प्रथाओं में योगदान देते हैं (वज़ीर एस., 2003)। जीवन के शुरुआती विकासशील दशाओं के दौरान बच्चा जिस वातावरण में पलता है, इसका वंशानुगत क्षमता पर जोरदार प्रभाव पड़ता है। कई पर्यावरणीय कारकों में से, छ: कारकों को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं और इसका प्रभाव लगभग एक जैसा ही है, जैसे, अनुकूल पारस्परिक संबंध, भावनात्मक स्थिति, शिशु प्रशिक्षण पद्धतियाँ, प्रारंभिक भूमिका, बाल्यावस्था की परिवार संरचना तथा पर्यावरणीय उत्तेजना। (ई.बी.हरलॉक, 1984)।

बच्चे की पालन-पोषण प्रथाएँ संसार के विभिन्न भागों में अलग अलग होती हैं। दिलचस्प बात यह है कि, सभी प्रथाओं के अपने अपने लाभ हैं। वे लोगों के सांस्कृतिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, भाषाई तथा शैक्षणिक स्थिति के आधारिक होते हैं। कुछ प्रथाएँ बच्चों के स्वास्थ्य वृद्धि एवं विकास के स्वाभाविक तौर पर वैज्ञानिक और स्वीकार्य होते हैं, पर कुछ प्रथाएँ अंधविश्वास के आधार पर होती हैं जो कि, बच्चों के लिए हानिकारक हो सकती हैं। बच्चे के पालन के विचार एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति में भिन्न होते है - ये धारणाएँ कभी कभी बच्चे के स्वास्थ्य सेवाओं और विकास में बाधा डाल देते हैं। हर समुदाय किसी भी नई चीज़ को स्वीकार्य करने में प्रतिरोध तो करते ही हैं। अत: यह उचित होगा कि मौजूद प्रथाओं को जान सकें, उसके लाभ व सीमाओं का विश्लेषण करें और उसके बाद गलत प्रथाओं को ठीक करने के लिए कदम उठाएँ, जो उस समुदाय को स्वीकार्य हो। इसी के मद्देनज़र, इस परियोजना में शुरुआत में तीन पूर्वोत्तर राज्यों के देशज प्रथाओं को पहचान कर बच्चों की भलाई के लिए जहाँ कहीं आवश्यक हो उन्हें, स्थानीय लोगों की भावनाओं को आहत किये बिना, बदलने के लिए नीतियाँ तैयार करने का प्रस्ताव है।

इस परियोजना का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनाये गये विभिन्न बच्चे के पालन-पोषण रीतियों को समझना है। यह सूचना स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा भारत के महिला एवं शिशु विकास विभाग, जो लोगों द्वारा स्वीकार्य किये जाने वाले वितरण अभिगम का विकास के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं, उने को उपयोगी सिद्ध होगा।

परियोजना के उद्देश्य

- पूर्वोत्तर क्षेत्र के तीन चयनित राज्यों (मिजोरम, मेघालय, तथा त्रिपुरा) के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा स्वस्थ्य देखरेख प्रथाओं पर आंकडों का संकलन करना
- अंतराक्षेपण के लिए जोखिम कारकों को पहचानना
- प्रारंभिक अंतराक्षेपण कार्यक्रमों में सम्मिलित करने के लिए मौजूद प्रथाओं को पहचानना
- अंतराक्षेपण के लिए मॉड्यूल विकसित करना जिसमें सकारात्मक प्रथाएँ, सकारात्मक प्रथाओं का वैज्ञानिक निरूपण और नकारात्मक प्रथाओं का औचित्य सहित सुधार हो, और संबंधित व्यावसायिकों और इकाइयों को मॉड्यूल उपलब्ध कराना।

अध्ययन के स्थान : यह अध्ययन तीन पूर्वोत्तर क्षेत्र, अर्थात् मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा में संचालित किया गया।

मेघालय

मेघालय पूर्वी उप-हिमालय पर्वत से छिप गया है। देश भर में यह एक अत सुंदर राज्य है। मानो प्रकृति ने इसे अत्यधिक बरसात, सूर्य के प्रकाश, वनों, ऊँचे द्वीपों, बहते झरनों, शुद्ध निर्मल जल, टेढ़ी मेढ़ी सरिताओं का वरदान दिया हो। इससे भी अधिक हट्टे-कट्टे, बुद्धिमान एवं सत्कारशील आतिथेय करने वाले व्यक्तियों से भर दिया है। शिलाँग, इसकी राजधानी है। यहाँ के सुरम्य, नयनाभिराम, सजीव परिदृश्य, देवदार के पेड से ढके पहाड, तेज़ धारा और मनोहर झरने गर्मी से राहत दिलाते हैं।

मेघालय 1970 अप्रैल में स्वायत्त राज्य के रूप में आविर्भावित हुआ तथा जनवरी 1972 में पूर्ण रूप से राज्य बन गया जो भारत के पूर्वोत्तर का भू-राजनीतिक इतिहास का एक नये युग का प्रारंभ माना गया। यह उत्तर के गोलपारा, कामरूप एवं नौगाँग जिले से, पूर्व में कर्बी, ऐंगलाँग एवं उत्तर कचर पर्वतीय जिलों से, पूरा असम एवं दक्षिण पूर्व, बाँग्लादेश से घिरा हुआ है। केन्द्रीय दक्षिणीय मेघालय में बरसात में बहुत अधिक भिन्नता दिखाई देती है।

मेघालय मुख्यत: खासी, जैनतीय एवं गारो की जन्मभूमि है एवं उनकी प्रमुख भाषा खासी, पनार, गारो और अंग्रेजी है। यहाँ का वातावरण ठंडा है, पूरे वर्ष भर ठंडी हवाएँ चलती है, 25 डिग्री सेलसियस से न्यूनतम 1 डिग्री सेलसियस तक हवामान रहता है।

मिजोरम

उत्तर पूर्वी किनारों के ऊँचे पर्वतों पर टिका हुआ मिजोरम, विभिन्न प्रकार के असीम प्राकृतिक दृश्य, पर्वतीय क्षेत्र, टेडी-मेडी दरिया, गहरी तंग घाटियाँ एवं वनस्पति व जीवजंतुओं का विपुल खजाना है। पश्चिम में बंगलादेश और पूरब और दक्षिण मे मियानमार से घिरा हुआ मिजोरम एक महत्वपूर्ण व्यूहात्मक स्थान पाया है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय सीमा 722 कि.मी. लंबी है। ऐजवाल इसकी राजधानी है।

उनकी मेज़बानी सर्वविदित है, मिजोवासी एकता में बाँधने वाला समाज है जहाँ न कोई वर्ग भेद है और ना ही लिंग भेद। यह संपूर्ण समाज एक विशेष नीति से बंधी हुआ है।

मिजोरम एक पर्वतीय क्षेत्र है जो फरवरी 1987 में बना प्रभुसत्तात्मक राज्य है। मिजोरम भारत के पूर्वी भाग का एक भिन्न पर्वतीय प्रदेश है। पर्वत दुरारोह है एवं उत्तर या दक्षिण दिशाओं की ओर बहने वाली नदियों से अलग हुआ है जो पर्वतों की श्रेणी में गहरी घाटियों का निर्माण करती है। यहाँ सामान्यत: ग्रीष्म काल में शीतलता बनी रहती है तथा शीत काल में अधिक शीतलता नहीं होती। सारा क्षेत्र मान्सून के सीधे प्रभाव में रहता है एवं मई से सितम्बर तक अतिवृष्टि होती है। लगभग सभी प्रकार के उष्णकटिबंधीय एवं फले फूले पेड पौधे मिजोरम में पाये जाते हैं।

त्रिपुरा

त्रिपुरा, देश के उत्तर पूर्वी भाग के सात राज्यों में से एक है जहाँ 19 विभिन्न जनजातियों के समुदाय से विपुल सांस्कृतिक धरोहर पाई जाती है।

उत्तर, पश्चिम, दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व में बांगलादेश से त्रिपुरा घिरा हुआ है, पूरब में असम एवं मिजोरम की एक सामान्य सरहद है। नवम्बर 1956 में त्रिपुरा बिना विधानमंडल के प्रभुसत्ता क्षेत्र बना है और जुलाई 1963 में एक प्रचलित मंत्रालय बना। त्रिपुरा ने 1972 में राज्यत्व प्राप्त किया और अगरतला उसकी राजधानी है।

त्रिपुरा 60% पर्वतीय प्रदेश एवं वनों से घिरा उत्तर पूर्वी भारत का दूरस्थ प्रदेश है। यहाँ का तापमान 10 से 35 डिग्री सेलसियस होता है और वर्ष भर में औसत वर्षा होती है।

कृषि द्वारा इस राज्य में लगभग 64% कुल रोजगार मिलता है एवं राज्य घरेलू उत्पाद को 48% का योगदान देता है। विभिन्न जातीय समूह द्वारा बम्बू और बेंत से उत्तम कोटि की हस्तकलाएं तैयार की जाती हैं और ये हस्तकलाएँ सारे देश में प्रसिद्ध हैं। यहाँ अधिकतर बोले जाने वाली भाषा बंगाली और ककबोरक है।



नमूना: कुल 883 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। नमूने में से लगभग 33.5% मिजोरम से, 30.9% मेघालय से और 35.6% त्रिपुरा से लिये गया है। चुने हुए नमूनों में से मिजोरम के 16 जिले, मेघालय से 13 जिले तथा त्रिपुरा के 7 जिले हैं। उत्तरदाताओं में बच्चे के माता-पिता या मुख्य देखभालकर्ता शामिल थे।

साधन: बच्चों के शिशु पालन-पोषण अभ्यासों के विभिन्न पहलुओं पर सूचना प्राप्त करने के लिए एक अर्ध-संरचित प्रश्नावली अन्वेषकों द्वारा विकसित की गई। प्रश्नावली में तीन भाग दिये गये, अर्थात्, जनसांख्यिकी विशेषताएँ, मातृ संबंधी इतिहास एवं बच्चे का विवरण।

जनसांख्यिकी विशेषताओं के भाग में निम्नलिखित सम्मिलित हैं-

- उत्तरदाता का विवरण
- घरेलू नमूना के विवरणात्मक पहचान
- जीवन की परिस्थितियों का विवरण
- बच्चे का विवरण
- परिवार की सूचना
- पर्यावरण ब्यौरे

मातृक इतिहास भाग में सम्मिलित विषय हैं :-

- गर्भधारण विवरण
- माँ का स्वास्थ्य
- गर्भधारण के दौरान देखभाल
- प्रसवोपरांत माँ की देखभाल
- परिवार नियोजन
- घरेलू उपाय
- गर्भवस्था के दौरान आहार

बच्चे से संबंधित विवरण के भाग में सम्मिलित विषय हैं :-

- नवजात शिशु की देखभाल
- बच्चे को स्नान कराने के अभ्यास
- बाहरी प्रयोग में लाई जाने वाली चीजें
- सौंदर्य प्रसाधन, यदि प्रयोग करते हों तो
- पहनावा
- नैपी का विवरण
- उपसाधन
- छेदन
- भोजन
- दूध पिलाना
- दूध छुडाई
- दूध और दूध के उत्पादन
- साधारण बिमारी के दौरान आहार
- भोजन समय-अभ्यास
- स्वास्थ्य
- शौचालय प्रशिक्षण
- सोने की आदतें
- स्थिति निर्धारण
- सांस्कृतिक प्रथाएँ
- बच्चे की देखभाल में पारिवारिक सदस्यों का समावेश
- खेल का विवरण
- बच्चे के खेल पारिवारिक सदस्यों का संयोग

पायलेट अध्ययन: साधन की उपयुक्तता, विश्वसनीयता तथा वैधता के परीक्षण के लिए 100 परिवारों पर पायलेट अध्ययन किया गया। अंतिम अध्ययन करने से पहले पायलेट अध्ययन के परिणामों के आधार पर संशोधन किये गये।

सांख्यिकी पद्धतियाँ: ऐसे प्राप्त आंकडों का सांख्यिकी रूप से विश्लेषण किया गया तथा प्राप्त परिणाम 'परिणाम' नामक शीर्षक के अंतर्गत प्रस्तुत किये गये। सांख्यिकी विश्लेषण विवरणात्मक एवं सह सबंधी प्रक्रिया के प्रयोग से किये गये।

-❖-

साहित्य की समीक्षा



पूर्वोत्तर भारत में असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर एवं नागालैंड राज्य स्थित हैं।

पूर्वोत्तर भारत को तिब्बत से मैकमोहन लाइन विभाजित करती है। यह क्षेत्र भारत के अन्य भागों के साथ उत्तर बंगाल के एक संकरीले मार्ग से जुडा हुआ है जिसकी अनुमानित चौडाई पूर्व दिशा में 33 कि.मी. और पश्चिम दिशा में 21 कि.मी. है। यह संकरीला मार्ग 'सिलिगुड़ी नेक' या 'चिकन नेक' नाम से जाना जाता है।

उत्तर पूर्वी भारत अधिकतर पर्वतीय प्रदेश है; ब्रह्मपुत्र नदी के दोनो ओर समतल भूमी है एवं उसके अतराफ़ हिमालय पर्वत की श्रेणियाँ हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के एवं असंख्य वनस्पति एवं जीवजंतु पाये जाते हैं।

देश के कुल भाग में से 7.8% भाग में यह क्षेत्र बसा हुआ है। क्षेत्र के उत्तर प्रांत को हिमालय पर्वत की श्रेणियाँ सुरक्षित रखती हैं।

बर्फीली रेखा के ऊपर यह क्षेत्र पर्वतों से बना हुआ है और समुद्र तल से कुछ ऊपर समतल भूमी है।

यह बच्चा अपनी माँ के गोद में आराम से सो रहा है



यह बच्चा अकेला खेल रहा है

यह क्षेत्र देश के लिए व्यूहात्मक महत्व रखता है क्योंकि भारत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा में से लगभग 90% की सीमा इसी क्षेत्र की बनी हुई है।

स्थलाकृति

क्षेत्र के लगभग 70% पर्वतीय प्रदेश है तथा प्रत्येक राज्य की स्थलाकृति अलग है। अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय का अधिकतर भाग तथा त्रिपुरा का आधा हिस्सा, असम का 1/5 भाग तथा मणिपुर का 1/9 भाग पर्वतों एवं पहाडियों से घिरा हुआ है।

क्षेत्र के समतल भाग अलग अलग भूमी समूह के हैं - असम में ब्रह्मपुत्र घाटी एवं बरक घाटी तथा दक्षिण में त्रिपुरा की समतल भूमि। मणिपुरी में घाटी छोटी है जो कुल राज्य क्षेत्र की 10% है।

असम में उत्तर लखिमपुर से डुब्री जिले तक ब्रह्मपुत्र घाटी लगभग 730 कि.मी. तक फैली हुई है। बरक नदी से बनी हुई बरक घाटी तथा उसके उपनदी असम के कचर, करीमगंज एवं हाइलाकांडी जिलों को आवरित करता है। गंगा-ब्रह्मपुत्र की विस्तारित समतल भूमि में त्रिपुरा बसा है।

पहाडियों की स्थलाकृति सामान्यत: ऊबड-खाबड हैं और कई क्षेत्र अगम्य है।

वर्षा

इस क्षेत्र में साधारणतया वर्षा ऋतु मार्च में आरंभ होकर अक्तूबर महीने के बीच तक रहती है। प्रत्येक क्षेत्र में वार्षिक बारिश विशेषत: अलग होती है। खासी एवं जेयन्तिया पहाडों में वर्षा की तीव्रता चेरापुंजी और मॉसिनरम के आस पास लगभग 1080 से.मी.तक पहुँच जाती है (विश्वभर में सबसे अधिक वर्षा होती है)। असम के रेन शैडो क्षेत्र की नांगाँव जिले में विशेषत: कम होती है। वार्षिक बारिश में से दो-तिहाई बारिश जून से सितम्बर तक चार मानसून महीनों में होती है।

जनसंख्या

इस समय में, पूर्वोत्तर क्षेत्र की आबादी देश की कुल जनसंख्या के 3.75 प्रतिशत है।

आबादी की घनता (जनगणना आंकडें, 2001)

राज्य	आबादी की घनता (प्रति वर्ग किलोमीटर)
असम	340
त्रिपुरा	304
मणिपुर	107
मेघालय	103
नागालैंड	120
मिजोरम	42
अरुणाचल प्रदेश	13

निर्वाचन राज्यों में आबादी का असमान स्थानीय वितरण के लिए यह क्षेत्र जाना जाता है, इसका मुख्य कारण यह है कि, पहाडों एवं कठिन इलाकों में से समतल भूमि एवं घाटियाँ, आबादी की विलीनता के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करती हैं ।

असम तथा त्रिपुरा के अलावा, पूर्वोत्तर राज्यों में एक अनोखे सामाजिक व सांस्कृतिक प्रथाओं के जनजातियाँ अधिकतर बसी हुई हैं। कहा जाए तो, इस क्षेत्र की कुल आबादी में से 30% से अधिक जनजाती के लोग हैं। परन्तु, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम तथा नागालैंड में कुल आबादी में से जनजातियों की संख्या 60% से अधिक है। यही कारण है कि, इन राज्यों में एक आदिवासी की बहुलता है।

परिवार के प्रकार

सामान्यत: कई परिवारों में अपने सुविधानुसार परिवार के प्रकारों का वर्गीकरण किया जाता है। ऐसे में, कई विद्वानों ने परिवार के प्रकारों की विशेषता को भिन्न तरीके से वर्गीकृत किया है । कपाडिया (1969) ने दो व्यापक परिवार के प्रकारों की पहचान की है, अर्थात्, एकल (न्यूक्लियर)/ संयुक्त/ विस्तृत, जबकि रिचर्ड एट.अल. (1989) व कॉल्डवैल एट.आल. (1988) ने परिवारों को एकल (न्यूक्लियर), वंश(स्टेम), संयुक्त, संयुक्त-वंश (जॉइंट स्टेम) एवं अन्य के रूप में वर्गीकृत किया है।

एस.निरंजन, एस.सुरीन्दर एवं जी.रामाराव द्वारा किये गये अध्ययन 'फैमिली स्ट्रक्चर इन इंडिया - एविडेन्स फ्रम एन.एफ.एच.एस.' में पाया कि कई वर्षों से एकल एवं संयुक्त परिवारों में वृद्धि हुई है, हालाँकि, एकल परिवार ग्रामीण और शहरी, दोनो क्षेत्रों में, आगे हैं। दूसरी ओर, एकल सदस्य, टूटा परिवार, विछिन्न परिवार तथा पूरक परिवार में पतन पाया गया है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में नागालैंड में न्यूक्लियर परिवार अधिक पाये गये हैं। पारिवारिक ढांचे की भिन्नता से यह पता चलता है कि, भारत के न्यूक्लियर परिवार की वृद्धि में पारिवारिक मुखिया की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। पारिवारिक संरचना में ये परिवर्तन पारिवारिक सदस्यों का रवैया और व्यवहार पर पड़ने वाले सही प्रतीत होने वाले परिणामों को सूक्ष्म स्तर पर परीक्षण करने की माँग करता है।

यद्यपि सामान्यत: यह महसूस किया गया कि, संयुक्त परिवार जिसके सदस्य आम पुरखे एवं आम संपत्ति से बंधे होते थे उनका शासन चलता था, किन्तु इस पर मतभेद है। गोरे (1968) कहते हैं कि, ' भाईचारे या सगोत्र परिवार कभी भी आम रूप का नहीं था'। गूडे (1968) दावा करते हैं कि, भारत में किसी भी समय में बृहत संयुक्त परिवार साधारण नहीं था इसका कारण शायद पहले बहुओं के बीच और बाद में भाइयों के बीच विखंडन। कर्नाटक राज्य के तीन अलग अलग जिलों के तीन गाँवों में किए गए अध्ययन में, दो तिहाई विलग परिवार थे और बाकी विभिन्न प्रकार के संयुक्त परिवार थे (राव, कुलकर्णी एवं रायप्पा, 1986)। यद्यपि यह तर्क किया जाता है कि, बरसों से संयुक्त परिवार धीरे धीरे एकल परिवार का मार्ग निकाल रहे हैं, कई अध्ययनों से यह पता चलता कि, एकल परिवार के सेट अप में रहते हुए भी कई अनावासीय परिवार के सदस्यों से क्रियात्मक संबंध बनाए रखते हैं (अग्रवाल, 1962; देसाई, 1964; कपडिया, 1969, गोरे, 1968)। वैसे भी, भारत में अभी भी अधिकतर विवाह माता पिता द्वारा तय किये जाते हैं, वैवाहिक जीवन पहले माता-पिता के परिवार में आरंभ होते हैं बाद में परिस्थिति के अनुसार माता-पिता या परिवार के किन्ही वृद्ध सदस्यों द्वारा उनके रहने के लिए एक रहने का स्थान दिया जाता है (रिचर्ड एट अल, 1985)। अत: यह संभव है कि, एकल परिवार के सदस्यों के द्वारा लिये गये निर्णय उनके माता पिता या सगे संबंधियों के मार्गदर्शन से लिये जाते हैं।

फिर भी, यह कुछ हद तक, परिवार संरचना के विभिन्न प्रकारों पर आधारित है। साधारणत: परिवार के प्रकारों का वर्गीकरण कई अध्ययनों में सुविधानुसार विलग या संयुक्त परिवार के रूप में किया जाता है। ऐसे में, परिवार सदस्यों के आधार पर परिवारों के प्रकार की महत्ता के बारे में एक अर्थपूर्ण निष्कर्ष लेना कठिन है।

परिवार का आकार

शहरीकरण और औद्योगीकरण में बढोत्तरी के कारण, भारत में परिवार की धारणा, जो कभी पारिवारिक सदस्यों में सामान्य संस्कृति निर्माण व निर्वाह करती थी, में परिवर्तन आ रहे हैं। फिर भी बीटेल्ले (1964) के अनुसार, सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों के बावजूद, पारिवारिक जीवन और पारिवारिक संरचना भारतीय समाज के एक अंतर्भाग के रूप में रह गई हैं चूँकि, इसमें एकजुटता की भावना बनाए रखने वाली शक्ति है। रॉस (1961) ने पाया कि कई भारतीय अपने परिवार के प्रकारों से गुज़रे हैं जिसमें वे विभिन्न क्रमों में रहे हैं, जैसे बृहत संयुक्त परिवार, छोटा संयुक्त परिवार, आश्रय सहित विछिन्न परिवार। डी'सूजा (1971) का यह तर्क है कि, भारतीय परिवारों को तनाव और दबाव सहना पडा और सदियों से परिवर्तन के रोक करने पर भी धीरे धीरे परिवर्तन दिखाई देने लगा है। कोहेन (1981) के अनुसार ' दस हजार से अधिक वर्षों से परिवारों की मात्रा में कमी होने लगी है, अभी तक भी, और विकसित हो रही तकनीकी के कारण जहाँ खाना पाने, बच्चों के पालन पोषण एवं बिमारों की देखभाल में सहयोग करने वाले लोगों की जरूरत कम महसूस होने लगी'।

नवजात देखभाल

प्रसव के समय में जो देखभाल की जाती है वह माँ और शिशु के स्वास्थ्य और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नवजात की मृत्यु का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अपर्याप्त जन्म पद्धतियों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

शिशु देखभाल

विलग परिवारों में जहाँ पत्नी भी परिवार के खर्चे में योगदान देती है, वहीं अनिवार्य रूप से, पिता भी बच्चे के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाते हैं। यह जीवन का एक अभिन्न भाग है जो माता-पिता व बच्चे के बंधन को मज़बूत करता है। बच्चा अक्सर अपनी माँ से क्लेश समय पर माँग करते रहता है जिससे वह थक जाती है। ऐसे समयों पर परिवार के अन्य सदस्य माँ का बोझ अपने ऊपर लेकर उन्हें प्रोत्साहित कर सकते हैं। स्तनपान की प्रथा भारत में साधारण है। सभी समुदायों में स्तनपान की प्रथा को सुरक्षित करना, प्रोन्नत करना एवं समर्थन करना सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

सभी साधारण शिशुओं के स्वास्थ्य वृद्धि व विकास के लिए स्तनपान ही सही आहार है और यही एक अच्छा मार्ग है। इससे यह पता चलता है कि, दूध पिलाने वाली माँ के लिए अच्छा पोषण महत्वपूर्ण है। शिशु के लिए प्रथमस्तन्य या पहले पिलाया जाने वाला दूध विशेषत: मोल रखता है क्योंकि, इसमें बहुत सारे प्रोटीन एवं वसा घुलादेने वाले विटमिन एवं विरोधी संक्रामक गुण हैं। यह बच्चे का प्रथम प्रतिरक्षीकरण है। फिर भी, कई ग्रामीण लोकजाति इस कीमती चीज़ को त्याग देते हैं। आदर्शरूप से, शिशु के जीवन के प्रथम 4-6 महीने तक केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए और घर पर बनाया हुआ मुलायाम आहार शिशु के आहार में जोड़ना चाहिए। बढ़ते हुए बच्चे के लिए माँ का दूध विशेष रूप से बनाया गया है। माँ का दूध की बनावट में दिनों दिन और यहाँ तक कि, दूध पिलाने में हर बार परिवर्तन होता रहता है जिसको अभी समझना है।



यह बच्चा घर के बाहर अपनी बहन के साथ खेल रहा है



एक साथ खेल रहे बच्चों का समूह

बच्चे में अपने प्रतिरक्षा व्यवस्था प्रारंभ होने तक नवजात शिशु को निरंतर प्रतिरक्षा संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रकृति स्तन दुग्ध तैयार करती है और यह शिशु जन्म के लगभग छ: महीने तक यह प्रतिरक्षा व्यवस्था आरंभ नहीं होती है। जब बच्चे की आहार नली इस लगातार सुरक्षा में भीगती जाती है और स्तनपान एवं दूध पीने से मिल रहा आराम बच्चे को शांत रखता है, तब माँ को भी लाभ पहुँचता है। माँ के शरीर में तरह तरह के हार्मोन उत्पन्न होते हैं जो उन्हें शांत रखने और बच्चे पर ध्यान देने के लिए बनाए गये हैं।

बाल समारोह

विश्व के कुछ भागों में, बच्चे के जन्म में सम्मिलित प्रथाएँ, प्रथम दृष्टि में, कम व्यावहारिक होते हैं। गुयाना में वायापी पिता अपने बच्चे के जन्म के तीन दिन तक बच्चे के साथ झूले में आराम करते हैं, इस विश्वास के साथ कि, वे अपने शिशु और स्वयं को दुष्टात्मा के ध्यान से हटा रहे हैं। भारत में अभिभावक अपने नवजात के माथे को खूब धुँधुआते कोयले का धुँआ देते हैं, इस विश्वास के साथ कि, काला रंग बुरी नज़र को टालता हैं और हानिकारक आत्माएँ डर जाती हैं। कई समुदायों में, इस दुनिया से बचने के लिए बच्चे को ताबीज, ब्रेसलेट या कोई अन्य धागा बाँध देते हैं।

चाहे औद्योगिकीय नगर या केनिया के समतल या फ्रेंच गुयाना के जंगल हों, अभिभावक अपने बच्चे को सुरक्षित रखने तथा आश्रित रखने की कोशिश करते हैं, उनके दैनिक-आहार का प्रबंध कराते हैं, उन्हें साफ सुथरा एवं स्वस्थ्य रखते हैं तथा उनके विकास और वृद्धि में साथ देकर एक जैसी जिम्मेदारी निभाते हैं। इन चुनौतियों के उपाय उतने ही अधिक है जितने संस्कृतियाँ उत्पन्न करती हैं। जबकि, ये बच्चे के सांस्कृतिक पहचान की नींव डालते हैं, जो बच्चे का मौलिक अधिकार है, ये किसी एक समुदाय के मूल्यों और विश्वासों को प्रतिबिंबित करते हैं। यह बाल्यावस्था, किशोरावस्था और बच्चे के प्रौढ़ होने के बाद अपने बच्चे की परवरिश तक प्रभावित करता है।

नहलाना

केनिया, न्यू केलिडोनिया तथा सुमात्रा में एक पारम्परिक प्रथा है कि, माँ अपने मुँह में पानी भरकर अपने बच्चों के शरीर पर फूँक कर उनका शरीर साफ करती है। मसई माँ पानी छिडकती है और सुमात्रा में बटक माँ एवं गुयाना में वायापी माँ मुँह से पानी फूँकती है। जबकि, नहलाने की तकनीक भिन्न है, सभी बच्चों को गर्म पानी से नहलाया जाता है। कोटे डी आइवाइर के बौले में शिशुओं को दिन में दो बार नहलाया जाता है और गर्म पानी, साबुन और सब्जियों के स्पाँन्ज से मल मल कर बच्चों की मालिश की जाती है। दो बार बच्चों को नहलाने व सुखाने के बाद उसका रोना या चीखना बंद करवाने के लिए माँ बच्चे को स्तनपान कराती है। तब बच्चे के कुल्हे और कंधे रगडकर, उसके सर को इधर उधर घुमाकर, दबाकर मसाज की जाती है। बच्चे को क्रीम लगाते हैं, बहुत सारा पाउडर लगाते हैं, इत्र और कोलीन, मुलायम सफेद मिट्टी से उसके शरीर को लीप देते हैं। ऐसा करते समय बच्चा आँखे बडी करके शांत या चुप हो जाता है। इस विधा के पश्चात्, बच्चे में सावधानी, स्फूर्ति आ जाती है और वह जागते रहता है पर शांत रहता है और बच्चे को कपड़े पहनाकर परिवार के किसी अन्य सदस्य को संभालने के लिए उसे दे दिया जाता है।

गोद में लेना

कई संस्कृतियों में, बच्चे को बाहर ले जाने के लिए बच्चे को गोद में बिठाकर ले चलना ही माता पिता या देखभालकर्ता के लिए एक स्वाभाविक पद्धति है। बच्चे को सुरक्षित रखना, उसे मांसपेशियों को मजबूत करने तथा उत्तेजना प्रदान करने का यह भी यह एक तरीका है। गोफन, कमर बंद, तुंबा या झूले में ले जाने से, बच्चा माँ के शरीर से - माँ के बाहों में या उसकी

पीठ से, हमेशा चिपका रहता है। माँ अपनी दिनचर्या में जब व्यस्त रहती है तब बच्चा उनके विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लेता है तथा निरंतर स्पर्श और दृश्य उत्तेजना का अनुभव करता रहता है। उसकी माँ जहाँ भी जाती है, वह भी उसके साथ हिलता डुलता रहता है, पिता जब चाकू की धार तेज करने के लिए धरती की ओर झुकता है या नृत्य करते समय टकराता है, उनके गतिविधियों के अनुकूल बच्चे की माँसपेशियों की सदैव कसरत होती रहती है । वेनेजुएला में ईक्वाना भारतीय बच्चे के जन्म से रेंगने तक उन्हें गोद में संभाले रखते हैं। जवनीस बच्चे अधिकतर अपना समय अपनी माँ के पास छाती से चिपके, शॉल में ृपेटे रहता है, जिससे जब चाहे तब देखभाल की जा सके। बच्चा जब तक कि वह सात वर्ष का नहीं हो जाता तब तक बच्चे को शारीरिक कष्ट से बचाने के लिए माँ बच्चे का पैर धरती पर रखने नहीं देती।

प्रचलित ज्ञान यह बताता है कि, प्रारंभिक अवस्था में माँ के साथ बच्चा बंधे रहना, प्रसूति के दौरान या बच्चे को निरंतर गोद में उठाकर ले जाने या चाहने पर बच्चे को स्तन पान कराने से, बच्चे के सुरक्षित रखने की भावना, अन्यों पर विश्वास तथा स्व मूल्य की भावना के विकास को बढ़ाता है। पश्चिमी देशों में बच्चों को घुमक्कड़ों (स्ट्रॉलर) में से निकालकर गोफन में बच्चों को ले जाने वाले अभिभावकों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे के संवेदन को उत्तेजित करने वाले तथा उसके विकास

बच्चे को दूध पिलाने की स्थिति का एक चित्र

को बढ़ाने वाली ये परम्पराएँ और यहाँ तक कि, बच्चे की सुरक्षा के लिए पारम्परिक तौर पर मनाये जाने वाले चमत्कारिक रिवाज़, आधुनिक प्रथाओं से भिन्न होते हैं, चूँकि, ऐसा लगता है कि, छोटे बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में ये किस तरह उपयुक्त होंगे, यह नजदीक से जांच करना जरूरी है।

बच्चों की देखरेख में अभिभावकीय सम्मेलन

भारतीय बच्चा माँ एवं ममतामई व्यक्तियों के साथ गहरे भावनात्मक संबंध में पलता है। बच्चों को जब चाहे तब उसे स्तनपान कराया जाता है, कई बार वर्षों तक, माता-पिता या नाना-नानी या दादा-दादी के साथ सोता है, चाहने वाले /परिजनों के द्वारा नहलाया जाता है और बहुत कम समय में वो अकेला होता है। तेल से मालिश की जाती है, प्यार से गोद में लेते हैं, शौचालय प्रशिक्षण दिया जाता है और व्यवहार से संतुष्ट किया जाता है, छोटे बच्चे अच्छेपन का आंतरिक क्रोड विकसित करते हैं और अन्य लोगों से सुरक्षा की गहरी उम्मीद रखते हैं। ऐसी आसक्ति एवं नज़दीकी संबंध, अन्यों से एक प्रतीकात्मक संबंध को उत्पन्न करता है और रिश्तेदारों से गहरा संबंध स्थापित करने के साथ विकास पर प्रभाव पडता है, जो कि, भारतीय परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। नन्हा बच्चा बहुत जल्द ही परिवार का अनुक्रम सीख लेता है, क्यों कि, वह बडे व छोटे, स्त्री पुरुष के बीच के प्रेम एवं आदरपूर्ण संबंधों को देखता रहता है। अक्सर छोटे बच्चों को सबसे बडे सहोदर द्वारा गोद में लिया जाता है और सहोदरों के बीच नजदीकी संबंध विकसित होते हैं। पश्चिमी देशों की तरह सहोदरों के बीच कलह सामान्य नहीं है; बल्कि, पूरा परिवार एकजुट होकर काम करता है चूँकि, उसे बाह्य दुनिया की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

लिंग अनुपात

एन.एफ.एच.एस.-1 तथा एन.एफ.एच.एस.-2 के दौरान इकट्ठा किया गया जन्म इतिहास यह दर्शाता है कि कुछ जनसंख्या समूह में पुरुषों का जन्मानुपात असाधारण रूप से ज्यादा है और यह दर्शाता है कि, कन्या भ्रूण निरस्तीकरण होता है। उन परिवारों में जहाँ पहले ही बेटियाँ हैं और बेटे नहीं हैं तथा स्त्रियों में शैक्षणिक एवं मीडिया का प्रदर्शन स्तर अधिक है, वहाँ कुछ पश्चिमी एवं उत्तरी राज्यों में पुरुषों की जन्म संख्या का विशेष रूप से आधिपत्य है। स्त्री का आदर्श लिंग अनुपात (बेटों की अपेक्षा बेटियों की आदर्श संख्या) दर्शाता है कि, अधिकतर सामाजिक आर्थिक दृष्टि में सभी राज्यों में बेटों की प्राथमिकता का पतन हो रहा है तथापि जीव विज्ञान के नियमों से आदर्श लिंग अनुपात कहीं ज्यादा है, इसका मतलब यह है कि, लिंग-चयन गर्भपात स्तर में वृद्धि की अभी भी संभावना है। (स्रोत: नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे, 1992-93)।



परिणाम

भाग - क : जनसांख्यिकी विशेषताएँ

I. उत्तरदाताओं की सूचना

तालिका 1: उत्तरदाताओं का वितरण राज्य वार

क्र.	राज्य	(एन=883)	प्रतिशत
1.	मिजोरम	296	33.5
2.	मेघालय	273	30.9
3.	त्रिपुरा	314	35.6

नमूने की मात्रा और मापदंड के अनुसार 0-3 वर्ष की आयु वाले बच्चों के माता-पिता या देखभालकर्ताओं को अध्ययन के लिए चुना गया। नमूने में क्रमश: मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा से 33.5%, 30.9% और 35.6% थे।

तालिका 2: बच्चे से संबंध

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	माँ	91.9	89.3	87	89.4
2.	पिता	3.0	5.1	7.6	5.3
3.	सहोदर	-	2.2	0.3	0.8
4.	दादा-दादी, नाना-नानी	3.7	2.6	4.1	3.5
5.	अन्य कोई	1.4	0.7	1.0	1.0

उत्तरदाताओं में अधिकतर माताएँ थी। यह सारे तीन राज्यों में एकरूप दिखाई दिया। मिजोरम (91.9%), मेघालय (89.3%), त्रिपुरा (86.9%) एवं संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य (89.3%)।

तालिका 3: उत्तरदाताओं की आयु

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	30 से कम आयु	67.2	59.7	78.3	8.9
2.	30 से अधिक आयु	32.8	40.3	21.7	31.1

अधिकतर उत्तरदाताओं की आयु 30 वर्ष से कम थी। तीन राज्यों में से, 30 वर्ष से कम आयु वाले उत्तरदाताओं की संख्या त्रिपुरा (78.3%) में अधिक थी।



बच्चे के खिलौनों का एक चित्र

एक वर्षीय बच्चे के कमर में एक छोटी सी घंटी और एक तरह के औषधीय पौधे को बांधे हुए बच्चे का चित्र (असाधारण रोने को रोकने के लिए कमर में औषधीय पौधे बांधे जाते हैं)

तालिका 4: उत्तरदाताओं का लिंग

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	पुरुष	5.7	10.3	11.1	9.1
2.	स्त्री	94.3	89.7	88.9	90.9

चूँकि, उत्तरदाताओं में अधिकतर माताएँ थीं, अत: सभी तीन राज्यों में उत्तरदाताओं में महिलाओं की जनसंख्या अधिक था।

II. बच्चों की सूचना

तालिका 5: बच्चों का आयुवार वितरण

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	1 वर्ष से कम	26.7	35.2	27.4	29.6
2.	1-2 वर्ष	33.8	29.6	30.9	31.4
3.	2-3 वर्ष	39.5	35.2	41.7	39.0

लिये गये नमूने में, 0-1 वर्ष की आयु वाले बच्चों में से अधिकतम मेघालय से थे। 1-2 वर्ष की आयु श्रेणी में अधिकतम बच्चे मिजोरम के थे (33.8%) तथा 2-3 वर्ष की आयु वाले अधिकतम बच्चे त्रिपुरा के थे (41.7%)।

तालिका 6: बच्चों का लिंग-वार वितरण

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	पुरुष	57.1	50	52.2	53.2
2.	महिलाएँ	42.9	50	47.8	46.8

अध्ययन में लडका और लडकियों की संख्या लगभग समान थी। परन्तु, लड़कियों की तुलना में लड़कों की संख्या अधिक था।

तालिका 7: बच्चों की क्रमसंख्या स्थिति

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	प्रथम बच्चा	40.2	19.8	54.5	39
2.	दूसरा बच्चा	29.4	12.8	31.2	24.29
3.	तीसरा बच्चा	20.3	15.4	9.9	15.1
4.	चौथा बच्चा	8.4	14.6	2.2	8.2
5.	पाँचवा बच्चा	1.7	37.4	2.2	12.9

यह पाया गया कि, अधिकतर प्रथम बच्चे मिजोरम (40.2%) और त्रिपुरा (54.5%) के थे, जबकि, मेघालय में पाँचवे बच्चे अधिक थे (37.4%)।

यह बच्चे के (11 महीने का) गले में तथा कमर में अस्थमा को रोकने के लिए एक काला धागा पहनाया गया है। इस बच्चे का अभी तक कोई इलाज नहीं किया गया है।



इस बच्चे के गले में तावीज़ पहनाया गया है।

III. परिवार के ब्यौरे

तालिका 8: रचना के आधार पर परिवार के प्रकार

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	एकल	7.9	72.5	63.7	47.9
2.	विस्तारित	67.1	8.1	4.2	26.3
3.	संयुक्त	25.0	19.4	32.1	25.8

संरचना के आधार पर परिवार का प्रकार विलग से संयुक्त तक भिन्न रहा। मिजोरम में अधिकतर विस्तरित परिवार थे। मेघालय में विलग परिवार क्रमश: मेघालय तथा त्रिपुरा (72.5%) तथा (63.7%) थे। संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्र में देखा जाएतो, विलग परिवार अधिक थे (47.9%)।

तालिका 9: वंशज आधार पर परिवार के प्रकार

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	मातृसत्तात्मक	1.4	98.9	2.3	32.3
2.	पितृसत्तात्मक	98.6	1.1	97.7	67.7

वंशज के आधार पर परिवार के प्रकार में यह देखा गया कि, मिजोरम एवं त्रिपुरा में कई परिवार पितृसत्तात्मक थे जबकि, मेघालय में मातृसत्तात्मक परिवारों की संख्या अधिक रही। संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्र के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि, कई परिवार पितृसत्तात्मक पद्धति पर आधारित हैं।

तालिका 10: परिवार का परिमाण

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	5 सदस्य से कम	6.9	25.3	53.2	32.4
2.	5-7 सदस्य	55.7	39.9	37.3	44.3
3.	8 से अधिक सदस्य	27.4	34.8	9.5	23.3

औसतन 5-7 सदस्यों का परिवार परिमाण मिजोरम (55.7%) तथा मेघालय (39.9%) था। त्रिपुरा में औसतन परिवार परिमाण 5 से कम (53.2%)। संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्र (44.3%) में यह पाया गया कि, नमूने परिवार सदस्य में अधिकतम 5-7 सदस्य थे।

तालिका 11: धर्म

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	हिन्दुत्व	1.0	0.3	73.5	26.4
2.	इस्लाम	0	0	19.5	6.9
3.	ईसाई	98.3	89	6.4	60.6
4.	अन्य धर्म	0.7	10.7	0.6	3.7

धर्म के संबंध में, यह पाया गया कि, मिजोरम और मेघालय में हिंदुत्व, ईसाई एवं अन्य धर्मों का अनुसरण करने वालों में समता है। दिलचस्प बात यहा है कि, चयन किये गये परिवारों में न तो मिजोरम और न ही मेघालय में ईसाई धर्म का पलन करते हैं। मिजोरम एवं मेघालय की जन संख्या अधिकतर (83%) एवं (89%) ईसाई धर्म का पालन करती हैं। त्रिपुरा में हिन्दु धर्म के लोग अधिक हैं, तब भी तीनों धर्म के लोग दिखाई देते हैं। जो अन्य धर्मों का पालन करते हैं वे हैं, बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म।

तालिका 12: सामाजिक समूह

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	अनुसूचित जाति	1.4	0.4	26.9	10.1
2.	अनुसूचित जनजाति	98.3	98.5	22.1	71.4
3.	अन्य पिछडा वर्ग	0.3	0	26.9	9.6
4.	अन्य कोई	0	1.1	24.1	8.9

चूँकि, पूर्वोत्तर क्षेत्र आदिवासी जनसंख्या के लिए जाना जाता है, इन राज्यों की अत्यधिक जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की हैं, मिजोरम (98.3%) एवं मेघालय (98.5%)। त्रिपुरा में अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडे वर्ग की जनसंख्या समान था। पर पूर्वोत्तर क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वाले लोग अधिक थे।

तालिका 13: माताओं के शिक्षा की स्थिति

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	निरक्षर	2.7	31.5	24.9	19.5
2.	1-5 कक्षा	11.5	28.6	27.5	22.5
3.	6-9 कक्षा	29.2	25.3	30.7	28.6
4.	10 वी कक्षा	39.6	11.0	11.5	20.7
5.	इंटरमीडियेट	7.8	2.9	3.5	4.7
6.	स्नातक और स्नातकोत्तर	9.2	0.7	1.9	4.0

माँ की शैक्षणिक स्थिति यह बताती है कि, मिजोरम में अधिकतर माताओं ने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की हैं। मेघालय में अधिकतर माताएँ (31.5%) निरक्षर हैं। त्रिपुरा में 30.7% माताओं ने 1 से 9 वें कक्षा तक पढ़ाई की हैं। इससे यह भी पता चलता है कि, मिजोरम की महिलाएँ अन्य दोनों राज्यों की तुलना में अधिक शिक्षित हैं। पूरे क्षेत्र की माताओं ने 6-9 कक्षा तक पढ़ाई की है।

यह बच्चा अपने बडे भाई के साथ खेल रहा है

यह बच्चा (1 वर्ष 7 महीने) फुटबाल जैसे गुब्बारे को लात मार रहा है।

बच्चा अपने खिलौने से खेल रहा है

तालिका 14: पिताओं की शैक्षणिक स्थिति

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	निरक्षर	0	0	0.6	0.3
2.	1-5 कक्षा	1.0	37.5	20.8	19.2
3.	6-9 कक्षा	8.2	25.4	20.2	17.8
4.	10 वी कक्षा	20.4	25.7	30.8	35.3
5.	इंटरमीडियेट	58.5	7.0	21.8	20.0
6.	स्नातक और स्नातकोत्तर	11.9	4.4	5.8	7.4

दिलचस्प की बात यह है कि, मिजोरम तथा मेघालय में ऐसा कोई पिता नहीं है जो निरक्षर हैं। मिजोरम में कई पिताओं ने (58.5%) इंटरमीडियेट तक पढ़ाई की है। इसके बाद, अधिकतर पिताओं ने, जो 10वीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है जिनकी संख्या (20.4%) है।

मेघालय में 27.5% पिताओं ने 1-5 कक्षा तक पढ़ाई की हैं जबकि, त्रिपुरा में अधिकांश पिताओं ने मैट्रिक्युलेशन तक पढ़ाई की (30.8%)। मेघालय एवं त्रिपुरा की तुलना में यह पाया गया कि, मिजोरम में अधिकतर पिता स्नातक हैं।

पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में यह पाया गया कि, अधिकतर पिताओं ने 10वी कक्षा तक पढ़ाई की है।

तालिका 15: माताओं की व्यावसायिक स्थिति

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	गृहिणी	85.5	58.5	93.9	80.3
2.	नौकरी पेशा	3.0	1.9	1.3	2.1
3.	व्यापार	3.7	5.3	0.3	3.0
4.	श्रमिक	1.4	9.8	3.2	4.6
5.	कृषि	6.1	24.5	1.0	9.8
6.	अन्य	0.3	0	0.3	0.2

माताओं की व्यावसायिक स्थिति के संदर्भ में, यह पाया गया कि, इन सभी तीन राज्यों में अधिकतर महिलाएँ गृहिणी हैं। यह परिणाम पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में दिखाई दिया।

तालिका 16: पिताओं की व्यावसायिक स्थिति

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	बेरोजगार	13.9	0.4	2.2	5.6
2.	नौकरी पेशा	39.5	10.9	18.5	23.3
3.	व्यापार	7.8	8.3	25.6	14.3
4.	श्रमिक	10.5	34.6	31.6	25.4
5.	कृषि	23.8	41..0	20.4	27.8
6.	अन्य	4.4	4.9	1.6	3.6

उपरोक्त आंकडें से यह पता चलता है कि ,मिजोरम में नौकरी करने वाले पिताओं की संख्या (39.5%) अधिक है। मेघालय में 41% पिता कृषक हैं जबकि, त्रिपुरा में 31.6% पिता कार्मिक थे। पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में हम यह देख सकते हैं श्रमिक वर्ग में अधिकतर कृषक हैं।

तालिका 17: परिवार की आय

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	<1000	7.5	26.7	15.6	16.3
2.	1000-3000	18.1	62.2	53.2	43.9
3.	3000-5000	26.7	7.3	21.8	19
4.	>5000	47.5	4	9.1	20.7

परिवार के आय के बारे में हम यह देख सकते हैं कि, मेघालय एवं त्रिपुरा में आय पैटर्न समरूप हैं; पर मिजोरम में अलग है। मिजोरम में 47.6% परिवारों की मासिक आय 5000 रूपये या उससे अधिक थी। मेघालय में 62.3% तथा त्रिपुरा में 53.2%, अधिकतर जनसंख्या की मासिक आय 1000-3000 रुपये थी। इन परिणामों से यह पता चलता है कि, मेघालय तथा त्रिपुरा की तुलना में मिजोरम के लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर है।

तालिका 18: सगोत्र विवाह

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	हाँ	3.1	5.6	10.0	6.3
2.	नहीं	96.9	94.4	90.0	93.7

यह पाया गया कि, सभी तीन राज्यों में और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में सगोत्र विवाह करने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है।



बच्चा अकेला पेड़ के नीचे खेल रहा है

IV. जीवन की परिस्थितियों के ब्यौरे

तालिका 19 : आवास के प्रकार

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	अपना घर	73.8	75.5	72.9	73.8
2.	किराये घर	26.7	24.5	27.1	26.2

सभी तीन राज्यों में अधिकतर परिवार अपने घर में रह रहे हैं और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की स्थिति एक समान है।

तालिका 20: घरों के प्रकार

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	कच्चा	33.8	54.9	72.1	54.1
2.	आधा पक्का	52.4	43.3	21.2	38.4
3.	पक्का	13.8	1.8	6.7	7.5

मिजोरम में अधिकांश घर (52.4%) और मेघालय में (43.2%) से अर्ध पक्के हैं। त्रिपुरा में 72.1% घर कच्चे हैं। और संपूर्ण पूर्वोत्तर में अधिकांश अर्ध पक्के हैं।

एक 2 1/2 वर्षीय बच्चा टिन को धागा लपेट कर खेल रहा है (पतंग उडाने के लिए)

तालिका 21: कमरों की संख्या

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	एक कमरा	2.4	8.8	31.8	14.8
2.	दो कमरे	22.3	48.7	42.4	37.6
3.	तीन कमरे	29.1	31.1	13.4	24.1
4.	4 से अधिक	46.3	11.4	12.4	23.4

चार कमरों और अधिक कमरों वाले घर में रहने वाले परिवारों की संख्या मिजोरम में अधिक है। मेघालय (48.7%) तथा त्रिपुरा (42.4%) के लोग 2 कमरे वाले घर में रह हैं।

तालिका 22: हवादार और रोशनी

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	अच्छा	35.8	3.3	27.4	22.8
2.	ठीक	55.7	53.5	35.7	47.9
3.	सही नहीं	8.4	43.2	36.9	29.3

मिजोरम तथा मेघालय में अधिकांश (55.7%) तथा (53.5%) घरों में रोशनी ठीक थी। मेघालय तथा त्रिपुरा के भी उतने ही घरों में रोशनी कम थी। संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र में अधिकांश परिवार (47.9%) के घरों में रोशनी ठीक थी।

तालिका 23: पीने के पानी का मुख्य स्रोत

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	नल	49.1	32.6	31.1	37.6
2.	ट्यूबवेल	4.5	8.1	52.9	22.8
3.	टैंक /तालाब	16.8	42.5	8.8	21.8
4.	हैंड पम्प	7.2	0	5.8	4.5
5.	नदी /नहर	19.9	9.9	1.6	10.3
6.	वसंत ऋतु	2.4	7.0	0.3	3.1

मिजोरम में लगभग 49.1% परिवार पीने के पानी के लिए नल पर निर्भर होते हैं। मेघालय में 42.5% परिवार टैंक या तालाबों में से पानी लेते हैं। त्रिपुरा में अधिकांश (52.9%) पीने के पानी के लिए ट्यूब वेल पर निर्भर होते हैं। पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में यह पाया गया कि, अधिकांश परिवार पीने के पानी के लिए नल पानी पर निर्भर हैं।

माँ बाप जब काम के लिए बाहर गये हैं, तब पाँच वर्षीय भाई अपने छोटी बहन की देखभाल कर रहा है

तालिका 24: रोशनी के लिए ऊर्जा स्रोत

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	तेल	0	43.0	40.7	27.9
2.	गैस	0.7	0	0.3	0.3
3.	मोमबत्ती	0.3	0.7	1.3	0.8
4.	बिजली	99.0	56.3	57.7	71.0

रोशनी के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत मिजोरम (99.0%) में बिजली था, मेघालय 56.3% तथा त्रिपुरा (57.7%), संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र में अधिकांश परिवार रोशनी के लिए बिजली का उपयोग करते हैं।

तालिका 25: खाना पकाने के लिए ऊर्जा का स्रोत

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	पूरे पूर्वोत्तर
1.	कोयला / कोक	0	6.2	13.7	6.8
2.	लकड़ी/पत्ते / घास-फूस / तिनके	34.0	91.9	68.1	64.2
3.	एल.पी.जी. / पाइप का गैस	65.6	1.5	17.9	28.6
4.	अन्य कोई	0.3	0.4	0.3	0.3

मिजोरम में खाना एल.पी.जी. गैस पर बनाया जाता है जबकि, मेघालय तथा त्रिपुरा में लकड़ी / पत्ते तथा घास-फूस / का ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है।

V. पर्यावरण विवरण

तालिका 26: नाली व्यवस्था

क्र.	समूह	मिजोरम	मेघालय	त्रिपुरा	संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य
1.	कोई व्यवस्था नहीं	3.4	77.2	53.4	44.2
2.	खुली नाली	85.5	21.7	16.9	41.1
3.	कच्ची नाली	4.5	1.1	21.4	9.5
4.	खुली पक्की नाली	3.1	0	7.3	3.7
5.	भूमिगत	3.4	0	1.0	1.5

मिजोरम में अधिकांश (85.5%) परिवारों के घरों में खुली नाली की व्यवस्था है। त्रिपुरा में (53.4%), मेघालय में (77.2%) घरों में नाली व्यवस्था नहीं है। संपूर्ण पूर्वोत्तर राज्य क्षेत्र में कई घरों में (44.2%) कोई नाली व्यवस्था मौजूद नहीं है।

तालिका 27: कूडा-कचरा फेंकने की व्यवस्था

